प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.06.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस थर्ड से किया गया सम्मानित, सम्मान देशवासियों को किया समर्पित।।
- पहली अक्टूबर 2026 से शुरू होकर दो चरणों में कराई जाएगी सोलहवीं जनगणना, केन्द्र सरकार ने जारी की अधिसूचना, झामुमो ने कहा– सरना धर्म कोड पर स्थिति स्पष्ट करे केन्द्र।
- भाजपा ने मइंयां सम्मान योजना को लेकर राज्य सरकार पर साधा निशाना, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा–लाभुकों को समय पर नहीं मिल रही राशि।
- झारखंड हाईकोर्ट ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका पर की सुनवाई, डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति और राज्य की नयी नियमावली पर सरकार से मांगा जवाब।
- मौसम विभाग ने 19 जून तक राज्य के कई जिलों में भारी बारिश की जारी की चेतावनी, अगले तीन दिनों में दक्षिण–पश्चिम मानसून के दस्तक देने की संभावना।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आज साइप्रस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस थर्ड से सम्मानित किया गया। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टो–डोलीडीज ने निकोसिया में राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में श्री मोदी को यह पुरस्कार प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पुरस्कार के लिए राष्ट्रपति का आभार व्यतक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनके लिए नहीं, बल्कि भारत की एक अरब चालीस करोड जनता के लिए है।

*********************

केन्द्र सरकार ने आज जनगणना कराये जाने की अधिसूचना जारी कर दी। गृह मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि लद्दाख, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जनगणना पहली अक्तूबर 2026 से कराई जाएगी। एक रिपोर्ट–...

*********************

इस बीच राज्य में सत्तारुढ़ गठबंधन के प्रमुख घटक झामुमो ने कहा है कि केन्द्र सरकार और भाजपा को स्पष्ट करना चाहिए कि जनगणना फार्म में सरना धर्म कोड का कॉलम होगा या नहीं। रांची में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने जनगणना की नयी पद्धति पर भी सवाल उठाये।

*********************

मुख्यमंत्री मइंयां सम्मान योजना को लेकर भाजपा ने फिर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि योजना के लाभुकों को समय पर राशि नहीं मिल रही है। उन्होंने यह आरोप लगाया कि फर्जी लाभुकों के खिलाफ सरकार की ओर से कोई कार्रवाई भी नहीं की जा रही है।

*********************

झारखंड हाईकोर्ट में राज्य में लागू की गई नयी डीजीपी नियुक्ति नियमावली और इस पद पर अनुराग गुप्ता की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। यह याचिका भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा दायर की गई है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए प्रतिवादी राज्य सरकार, केंद्र सरकार, यूपीएससी, डीजीपी और केंद्रीय गृह मंत्रालय से जवाब मांगा है।

*********************

झारखंड गौ सेवा आयोग की ओर से पारिस्थितिकी संतुलन और आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में गौ सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौती और संभावना विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद और उपाध्यक्ष राजू गिरी ने रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि कार्यक्रम का आयोजन रांची के हटिया हेसाग़ स्थित पशुपालन भवन में 19 और 20 जून को किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की करेंगी।

*********************

गिरिडीह जिले के डुमरी पंचायत सचिव सुखलाल महतो की आत्महत्या के बाद शुरू हुआ आंदोलन आज समाप्त हो गया। मृतक के परिजनों की मांगों को प्रशासन ने मान लिया है, जिसके बाद आज मृतक का शव प्रखंड कार्यालय से उठाया गया। मृतक का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव कुलगो में कर दिया गया। सुखलाल महतो ने बीडीओ समेत चार लोगों पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए खुदकुशी कर ली थी। डुमरी विधायक जय राम महतो ने बताया कि सभी के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

*********************

देवघर में 11 जुलाई से शुरू हो रहे श्रावणी मेले को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे की ओर से भी पहल की जा रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*********************

मौसम विभाग ने 19 जून तक राज्य के अलग–अलग जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर येलो और औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार अगले तीन दिनों में दक्षिण–पश्चिम मानसून के राज्य में दस्तक देने की संभावना है।

*********************

बोकारो में आयोजित प्रथम झारखण्ड राज्य अंडर 18 बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। बालक वर्ग में देवघर और बालिका वर्ग में धनबाद ने खिताब हासिल किया।

*********************

64वीं सुब्रतो कप अन्तर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2025–26 के सफल आयोजन को लेकर रांची जिला स्तरीय समिति का गठन कर लिया गया है। 11 सदस्यीय समिति में जिला शिक्षा पदाधिकारी को संरक्षक और जिला शिक्षा अधीक्षक को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

*********समाप्त*************